an>

Title: Need to utilise funds under non-lapsable Central Pool of Resources for development of North Eastern Council.

श्री निनोंग इरिंग (अरुणाचल पूर्व) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से जो आदरणीय प्रधानमंत्री हैं और उत्तर-पूर्वी राज्यों से संबंधित मामलों के मंत्री हैं, मैं आपके माध्यम से उनका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जब प्रधानमंत्री जी अरुणाचल प्रदेश आए थे तो उन्होंने कहा था कि वहां विकास होगा, वहां ऊर्जा आएगी, वहां विकास में गति होगी, लेकिन इस बार के बजट में हमें वैसा कुछ दिखायी नहीं दिया है। लुक ईस्ट और एक्ट ईस्ट की जो पॉलिसी है, वह केवल मुंह से बोलने के लिए है, दिल से करने के लिए नहीं है। मैंने बजट में देखा है कि एनएलसी प्लान का अमांउट इस बार सिर्फ 33 हजार करोड़ रुपये ही रखा गया है। जो पिछले साल से जस्ट पीनट के हिसाब से दे रहे हैं। जबकि हमारे यहां दो हजार करोड़ रुपये का आबंटन जरूरी है, लेकिन उसमें आपने सिर्फ 795 करोड़ रुपये दिये हैं। हमारे यहां सात राज्य हैं और सात राज्यों में आपने जो आबंटन बजट में रखा है, इससे वहां विकास का कुछ काम नहीं हो पायेगा।

मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी को कहना चाहता हूं, मैंने पिछली बार भी कहा था कि आप सबके लिए अच्छे दिन आ रहे हैं, लेकिन पूर्वोत्तर राज्यों में विकास के अच्छे दिन नहीं आ रहे हैं। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि कृपया इस मद में धनराशि को और बढ़ाया जाए।

माननीय सभापति: श्री गणेश सिंह -- उपस्थित नहीं।